# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।
## (टिप्पणियां एवं आदेश)

सचिव / उपाध्यक्ष

कृपया प्रताप विहार योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 1200 ई0डब्लू0एस0 (जी+3) भवनों का निर्माण एवं विकास कार्य के अनुबन्ध के अन्तर्गत राजनगर एक्सटेन्शन योजना में प्रस्तावित 480 (जी+3) ई0डब्लू0एस0 भवनों के निर्माण एवं विकास कार्य हेतु स्थल परिवर्तन पर निविदा समिति द्वारा दिनांक 11/08/2020 को विचार विमर्श किया गया। अभियन्त्रण जोन द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत प्रताप विहार योजना में 1200 ई0डब्लू0एस0 भवनों के निर्माण कार्य मै0 सुनील गर्ग एण्ड कम्पनी द्वारा अनुबन्ध सं0–460 / एफ0सी0 / ई0ई0–4 / 2019 दिनांक 28.11.2019 के अन्तर्गत कराया जाना प्रस्तावित था, किन्तु उक्त निर्माण हेतु स्थल उपलब्ध न होने के दृष्टिगत ठेकेदार द्वारा अन्य स्थल पर उक्त भवनों के निर्माण हेतु अनुरोध किया गया है। इस कार्य हेतु निविदा धनराशि रू0 60,67,97,693.58 की स्वीकृति उपाध्यक्ष महोदया द्वारा पूर्व पृष्ठ सं0–13 पर दिनांक 18.11.2019 को प्रदान की गई थी, परन्तु स्थल पर भूमि विवाद होने के कारण उक्त स्थल पर अभी तक कोई निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है।

अभियन्त्रण जोन द्वारा अवगत कराया गया है कि राजनगर एक्सटेन्शन योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 480 बहुमंजिलें ई0डब्लू0एस0 भवनों का निर्माण एवं विकास कार्य के प्रोजेक्ट की स्वीकृति शासन से प्राप्त हो चुकी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने की लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। बहुमंजिलें भवनों की निर्माण लागत अधिक होने के कारण राजनगर एक्सटेन्शन योजना में इन भवनों को जी+3 के अनुसार बनाये जाने हेतु नियोजन अनुभाग द्वारा ले–आउट को पुनः नियोजित किया गया है, जिसके अनुसार स्थल पर 480 भवनों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

अभियन्त्रण जोन द्वारा उल्लेखित किया गया है कि राजनगर एक्सटेन्शन के भवनों का व्ययानुमान स्वीकृत कराने एवं निविदा आमंत्रित आदि की कार्यवाही किये जाने में काफी समय व्यतीत होगा। शासन की प्राथमिकता के दृष्टिगत राजनगर एक्सटेन्शन योजना में प्रस्तावित 480 (जी+3) ई0डब्लू0एस0 भवनों का निर्माण एवं विकास कार्य प्रताप विहार योजना हेतु अनुबन्धित फर्म मै0 सुनील गर्ग एण्ड कम्पनी से कराये जाने पर तत्काल निर्माण कार्य प्रारम्भ हो सकता है। अवशेष 720 भवनों का निर्माण प्रताप विहार योजना में भूमि उपलब्ध होने पर कराया जाना प्रस्तावित किया गया है।

अभियन्त्रण जोन द्वारा अपनी आख्या में उल्लेखित किया गया है कि प्रस्तावित 480 (जी+3) ई0डब्लू0एस0 भवनों को वर्तमान दरों पर (एस0ओ0आर0–2020 एवं डी0एस0आर0–2018) के आधार पर प्रति भवन निर्माण मूल्य रू0 5,62,081.78 तथा प्रति भवन विकास कार्य रू0 1,05,844.54 व्यय आता है, जबकि प्रताप विहार में स्वीकृत निविदा के अनुसार राजनगर एक्सटेन्शन में प्रति भवन निर्माण लागत रू0 4,55,449.45 तथा प्रति भवन विकास कार्य रू0 87,541.24 लाख आती है। इस प्रकार स्वीकृत निविदा की दरें वर्तमान दरों से काफी कम है, जिस कारण स्थल परिवर्तन करने में प्राधिकरण को कोई वित्तीय क्षति नहीं होगी। राजनगर एक्सटेन्शन स्थित नूरनगर स्थल पर 480 ई0डब्लू0एस0 भवनों के निर्माण एवं विकास कार्य पर कुल रू0 26,06,35,532.67 का व्यय सम्भावित है।

अभियन्त्रण जोन द्वारा प्रताप विहार योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 1200 (जी+3) ई0डब्लू0एस0 भवनों के निर्माण एवं विकास कार्यो हेतु मै0 सुनील गर्ग एण्ड कम्पनी के पक्ष में गठित अनुबन्ध के अन्तर्गत राजनगर एक्सटेन्शन योजना में प्रस्तावित 480 (जी+3) ई0डब्लू0एस0 भवनों का निर्माण एवं विकास कार्य कराये जाने हेतु स्थल परिवर्तन की स्वीकृति हेतु संस्तुति सहित पत्रावली प्रस्तुत की गई है।

अतः उपरोक्तानुसार नोट पृष्ठ सं0–24 पर अधिशासी अभियन्ता जोन–1 की अनुशंसा एवं नोट पृष्ठ संख्या–25 पर सहायक अभियन्ता–तकनीकी की आख्या के क्रम में निम्नवत स्वीकृति की समिति द्वारा संस्तुति की जाती है :–

1. प्रधानमंत्री आवास योजना के अर्न्तगत 1200 (जी+3) ई0डब्लू0एस0 भवनों के निर्माण एवं विकास कार्यो हेतु मै0 सुनील गर्ग एण्ड कम्पनी के पक्ष में गठित अनुबन्ध के अर्न्तगत राजनगर एक्सटेन्शन में 480 ई0डब्लू0एस0 भवन के निर्माण हेतु स्थल परिवर्तन की स्वीकृति।
2. राजनगर एक्सटेन्शन योजना में प्रस्तावित 480 (जी+3) ई0डब्लू0एस0 भवनों का निर्माण एवं विकास कार्य कराये जाने की स्वीकृति।
3. प्रताप विहार योजना के पी0एम0ए0वाई0 के शेष भवनों की भूमि के विवाद को समाप्त करने हेतु विधि अनुभाग द्वारा प्रभावी अनुश्रवण कराये जाने की स्वीकृति।

11/08/2020

| | | | |
|---|---|---|---|
| (भगत सिंह) | (अनिल कुमार सिंह) | (वी0एन0 सिंह) | (सूबेदार सिंह) |
| सहायक अभियन्ता–तकनीकी | अधिशासी अभियन्ता जोन–1 | मुख्य अभियन्ता | वित्त नियन्त्रक |
| सदस्य संयोजक | | | |

11/8/2020

CE

सचिव
14/8/2020

Kanchan
14/8/2020
कंचन वर्मा
उपाध्यक्ष
गा0वि0प्रा0 गाजियाबाद

EE-1
तत्काल कार्य प्रारंभ कराएं
14/8

1824/...
14/8/20
229/जो0-1
14/8/2020